Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जिला सीकर में आरोपी डॉ. दीपक अग्रवाल हाल संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग सीकर को 25,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 31 मई, शनिवार। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी स्पेशल यूनिट–द्वितीय, जयपुर द्वारा आज कार्यवाही करते हुए आरोपी डॉ. दीपक अग्रवाल, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग सीकर को परिवादी से 25,000/– रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक पुलिस श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा** ने बताया कि एसीबी स्पेशल यूनिट–द्वितीय, जयपुर को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके पर्यवेक्षण अधिकारी द्वारा मासिक बन्धी के रूप में प्रतिमाह रिश्वत राशि तथा उसका इच्छित स्थान पर स्थानान्तरण करवाने के नाम पर आरोपी डॉ. दीपक अग्रवाल द्वारा रिश्वत राशि की मांग की जाकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी रेंज जयपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस–चतुर्थ श्री अनिल कयाल** के सुपरविजन में एसीबी जयपुर स्पेशल यूनिट–द्वितीय के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री महावीर प्रसाद** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी डॉ. दीपक अग्रवाल, संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग, सीकर को 25,000/– रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

आरोपी से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।